**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 21.06.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, दैनिक जागरण, राष्ट्रीय सहारा ,न्यायाधीश,तरुणमित्र न्यूज़,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 21.06.2025

### आईआईटी बीएचयू की कार्ययोजना पर संशोधित डीपीआर तैयार करें

माई सिटी रिपोर्टर

वाराणसी। असि नदी को जीवित करने के लिए शुक्रवार को जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। डीएम ने सिंचाई विभाग (बंधी प्रखंड) को आईआईटी बीएचयू की कार्ययोजना के आधार पर संशोधित डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने जल निगम के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि नदी के पास एसटीपी से निकलने वाले जल को वापस नदी में ले जाने के लिए क्या किया जा सकता है? इसका परीक्षण कर बताएं।

सिंचाई विभाग भदोही के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया कि आईआईटी बीएचयू की टीम के साथ स्थल का निरीक्षण कर लें। परीक्षण करें

#### बैठक में असि नदी को जीवित करने के लिए डीएम ने दिए निर्देश

कि कैनाल में अधिशेष जल को किस प्रकार अस्सी नदी से लिंक किया जा सकता है। अपर नगर आयुक्त को नदी के कैचमेंट क्षेत्र में अभियान चलाकर सफाई और कूड़ा उठाने की जिम्मेदारी दी। आसपास रहने वाले असि नदी में न कूड़ा फेंके, इसके लिए डेडिकेटेड टीम भी बनाई जाए। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कार्ययोजना के बारे में बताया। कहा कि प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने के लिए वीडीए और आईआईटी बीएचयू के बीच एमओयू हुआ है। वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े आईआईटी बीएचयू के डॉ. शिशिर गौड़ ने समग्र कार्य योजना का प्रस्तुतीकरण किया।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 21.06.2025

### वीडीए ने 5 जगहों पर 18 बीघे की प्लॉटिंग कराई ध्वस्त

**वाराणसी।** वीडीए ने शुक्रवार को पांच जगहों पर 18 बीघे की प्लॉटिंग ध्वस्त कराई। वार्ड रामनगर के मौजा-चांदीतारा में बिना लेआउट स्वीकृत कराए लगभग 3 बीघे की दो प्लांटिंग तोड़ी गई। वहीं, बनारस पब्लिक स्कूल के पास, बहादुरपुर रोड पर 4 बीघे और 3 बीघे की प्लॉटिंग ढहाई गई। उधर, वार्ड-नगवां में मनोज कुमार सिंह की ओर से बिना लेआउट स्वीकृत कराए 5 बीघे में अवैध प्लॉटिंग विकसित की जा रही थी। जोनल अधिकारी संजीव कुमार और अवर अभियंता आदर्श निराला की अगुवाई में प्लाटिंग तोड़ी गई। ब्यूरो

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## अमर उजाला–दि0 21.06.2025

# वीडीए कार्यालय में स्वास्थ्य बीमा जागरूकता शिविर का आयोजन

वाराणसी। वीडीए सभागार में शुक्रवार को स्वास्थ्य बीमा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य प्राधिकरण के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा की उपयोगिता और इसके लाभ के बारे में बताया। साथ ही इससे जुड़े सुरक्षा कवच के प्रति लोगों को जागरूक करना था। इंश्योरेंस कंपनी की यूनिट मैनेजर खुशबू पांडेय ने स्वास्थ्य बीमा विषयक सत्र का संचालन किया गया। इस शिविर ने कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा की जटिलताओं को सरल रूप में समझने में मदद की। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 21.06.2025

# यशस्वी साईं कुंज अपार्टमेंट में रहने वालों को प्राधिकरण ने दिया नोटिस

### शुक्रवार को तीन लोगों ने नोटिस किया रिसीव, कई ने लेने से किया इंकार, बिल्डर से कर रहे संपर्क

जागरण संवाददाता, वाराणसी : रामापुरा में बिल्डर संजय गुप्ता ने तीन मंजिल आवासीय नक्शा पास कराकर छह मंजिल में 22 फ्लैट बनाकर बेच दिया। यशस्वी साईं कुंज अपार्टमेंट पर ध्वस्तीकरण का आदेश पारित करने के साथ शुक्रवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण कर्मी ने फ्लैट खाली करने की नोटिस उन्हें थमाई तो उनके जमीन खीसक गए। 22 फ्लैट में रहने वालों में से तीन लोगों ने नोटिस रिसीव किया। कुछ लोगों ने नोटिस लेने से इंकार कर दिया तो कुछ बिल्डर संजय गुप्ता से संपर्क करने लगे। उधर, गत बुधवार को पुलिस बल नहीं मिलने पर वीडीए ने 25 जून को फ्लैट तोड़ने की तिथि तय की है। इसको लेकर फ्लैट में रहने वालों में अफरा-तफरी मची है।

जोन तीन के जोनल अधिकारी सौरभ देव प्रजापति ने बताया कि रामापुरा के संजय गुप्ता ने आराजी संख्या-18, 19 और 21 पर 472.63 वर्ग मीटर में तीन मंजिल आवासीय नक्शा पास कराया है। शमन मानचित्र में भवन स्वामी ने अवैध निर्माण खुद तोड़ने के लिए शपथ दिया था लेकिन तोड़ने की कार्रवाई नहीं की। इतना ही नहीं, भवन स्वामी ने सेट बैक पर भी निर्माण कर लिया है। ऐसे में वीडीए ने ध्वस्तीकरण का आदेश पारित किया था। निर्माण जारी रहने पर वीडीए ने सील की कार्रवाई की थी लेकिन भवन स्वामी ने सील तोड़कर निर्माण जारी रखा। अवैध निर्माण तोड़ने के लिए भवन स्वामी को कई बार नोटिस दी गई।



वाराणसी विकास प्राधिकरण कर्मी यशस्वी साईं कुंज अपार्टमेंट के फ्लैट में रहने वालों को नोटिस थमाते • जागरण



" यशस्वी साईं कुंज अपार्टमेंट पर ध्वस्तीकरण का आदेश पारित है। बिल्डर ने गुमराह कर लोगों को फ्लैट बेचा है। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से पहले फ्लैट में रहने वालों को नोटिस थमाया जा रहा है। शनिवार तक यह प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

–डा. वीपी मिश्रा, सचिव, वीडीए।

न्यायाधीश–दि0 21.06.2025

# अस्सी नदी के पुर्नस्थापन एवं जीर्णोद्धार से संबंधित बैठक आयोजित



वाराणसी । जिलाधिकारी, वाराणसी की अध्यक्षता में अस्सी नदी के पुर्नस्थापन एवं जीर्णोद्धार से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में श्री पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष वा0वि0प्रा0, वाराणसी द्वारा बैठक का संचालन किया गया। बैठक में आई0आई0टी0 (बी.एच.यू.) से डॉ. शिशिर गौड, विडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े तथा प्रो. प्रभात कुमार सिंह, प्रो. अनुराग ओझा एवं प्रो. बाला नायडू उपस्थित रहकर तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त डॉ0 गुडाकेश शर्मा, अपर सचिव, , वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी, श्री सुभाष सिंह, अपर नगर आयुक्त, नगर निगम, वाराणसी एवं श्री अमित ओमार, एस0डी0एम0 सदर, वाराणसी उपस्थित रहे। साथ ही श्री अनूप सिंह, अधिशासी अभियन्ता, जलकल विभाग, वाराणसी, श्री कमल सिंह, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम, वाराणसी, प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड, वाराणसी से श्री सी0पी0 वर्मा, श्री महेन्द्र कुमार, अधिशासी अभियन्ता, बंधी प्रखण्ड, वाराणसी, तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी बैठक में सम्मिलित हुए।बैठक के दौरान उपाध्यक्ष, वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा अवगत कराया गया कि अस्सी नदी के जीर्णोद्धार एवं पुनः नदी के रूप में पुर्नस्थापन हेतु काम्प्रेहैंसिव प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने हेतु वाराणसी विकास प्राधिकरण एवं आई0आई0टी0 बी0एच0यू0 के मध्य एम0ओ0यू0 सम्पादित हुआ है, जिसके क्रम में आई0आई0टी0, बी0एच0यू0 के विशेषज्ञ प्रोफेसरों के द्वारा काम्प्रेहेंसिव प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की जा रही है। आज बैठक में प्रो0 शिशिर गौड़ के द्वारा अस्सी नदी के पुर्नस्थापन एवं जीर्णोद्धार कार्य हेतु एक विस्तृत प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया तथा समग्र कार्य योजना का प्रस्तुतीकरण आई0आई0टी0 (बी.एच.यू.) द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष किया गया। प्रस्तुतीकरण में अस्सी नदी के लगभग 08 किलोमीटर लंबे स्ट्रेच एवं कैचमेंट एरिया में आने वाले 06 तालाब के सम्बन्ध में विस्तृत तकनीकी रिपोर्ट से अवगत कराया गया तथा यह भी अवगत कराया गया कि वर्तमान में उपलब्ध अस्सी नदी के प्रारम्भ होने से पूर्व से जनपद-प्रयागराज, भदोही एवं वाराणसी में लगभग 160 किलोमीटर की लम्बाई में पैलिखोचैनल उपलब्ध है। सिंचाई विभाग (बंधी प्रखंड) को आई0आई0टी0 (बी.एच.यू.) द्वारा प्रस्तुत कार्य योजना के आधार पर संशोधित डी.पी.आर.तैयार कराने के निर्देश दिए गए। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम को निर्देशित किया गया कि अस्सी नदी के समीप एस0टी0पी0 से ट्रिटमेंट के उपरान्त निकलने वाले जल को अस्सी नदी में ले जाने के लिए क्या किया जा सकता है? इसका परीक्षण कर अवगत कराया जाय। अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग भदोही को निर्देशित किया गया कि आई0आई0टी0 बी0एच0यू0 के टीम के साथ स्थल निरीक्षण कर यह परीक्षण कर लें कि वर्तमान उपलब्ध कैनाल में अधिशेष जल को किस प्रकार अस्सी नदी से लिंक किया जा सकता है। इसका परीक्षण कर अवगत कराया जाय।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## न्यायाधीश—दि0 21.06.2025

### वार्ड-नगवाँ के अंतर्गत 05 बीघा में अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित



वाराणसी ।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में जोन-4 ,वार्ड-नगवाँ के अंतर्गत 05 बीघा में अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी। वार्ड-नगवाँ, ग्राम-नुआव के अन्तर्गत मनोज कुमार सिंह द्वारा बिना लेआउट स्वीकृत कराए 05 बीघे में अवैध प्लाटिंग विकसित की जा रही थी , जिसे आज दिनांक 20/06/2025 को 30 प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 की सुसंगत धारा के अंतर्गत ध्वस्त किया गया। मौके पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार एवं अवर अभियंता आदर्श निराला तथा प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष महोदय द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## न्यायाधीश—दि0 21.06.2025

### स्वास्थ्य बीमा जागरूकता शिविर का आयोजन



वाराणसी ।वाराणसी विकास प्राधिकरण सभागार में उपाध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार स्वास्थ्य बीमा जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया, जिसमें खुशबु पाण्डेय, यूनिट मैनेजर, आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस द्वारा स्वास्थ्य बीमा विषयक सत्र का संचालन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्राधिकरण के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा की उपयोगिता, इसके लाभ और इससे जुड़े सुरक्षा कवच के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताएं स्वास्थ्य बीमा लाभों पर विस्तृत जागरूकता सत्र लाइव डेमो और बीमा योजनाओं का स्पष्ट प्रस्तुतीकरण उपस्थित कर्मचारियों के प्रशनें का त्वरित समाधान ऑन-स्पॉट पॉलिसी नामांकन एवं एजेंट सहायता सेवा सहभागियों से सकारात्मक प्रतिक्रिया एवं सक्रिय सहभागिता इस शिविर ने कर्मचारियों को न केवल स्वास्थ्य बीमा की जटिलताओं को सरल रूप में समझने में मदद की, बल्कि उन्हें अपने स्वास्थ्य और वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में प्राधिकरण के विभिनन्‍ अनुभागों से अधिकारी एवं कर्मचारीगण की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही


: vcvdavns : Varanasi Development Authority, Janhit Service : janhit.upda.in, E-Tender : etender.up.nic.in

Online Building Plan Approval System : www.upobpas.in, Awas Bandhu, Govt of UP: www.awas.up.nic.in

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 21.06.2025

### वीडीए में स्वास्थ्य बीमा जागरूकता शिविर का आयोजन



**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार वीडीए सभागार में स्वास्थ्य बीमा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें खुशबु पाण्डेय, यूनिट मैनेजर, आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस द्वारा स्वास्थ्य बीमा विषयक सत्र का संचालन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्राधिकरण के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा की उपयोगिता, इसके लाभ और इससे जुड़े सुरक्षा कवच के प्रति जागरूक करना था। स्वास्थ्य बीमा लाभों पर विस्तृत जागरूकता सत्र लाइव डेमो और बीमा योजनाओं का स्पष्ट प्रस्तुतीकरण उपस्थित कर्मचारियों के प्रश्नों का त्वरित समाधान ऑन-स्पॉट पॉलिसी नामांकन एवं एजेंट सहायता सेवा सहभागियों से सकारात्मक प्रतिक्रिया एवं सक्रिय सहभागितास शिविर ने कर्मचारियों को न केवल स्वास्थ्य बीमा की जटिलताओं को सरल रूप में समझने में मदद की, बल्कि उन्हें अपने स्वास्थ्य और वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में प्राधिकरण के विभिन्न अनुभागों से अधिकारी एवं कर्मचारीगण की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही।

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 21.06.2025

### असी नदी के पुर्नस्थापन एवं जीर्णोद्धार से संबंधित बैठक में लिए गए कई अहम निर्णय

तरुणमित्र न्यूज

**वाराणसी।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अस्सी नदी के पुर्नस्थापन एवं जीर्णोद्धार से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष वीडीए द्वारा बैठक का संचालन किया गया। बैठक में आई0आई0टी0 (बी.एच.यू.) से डॉ शिशिर गौड, वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े तथा प्रो प्रभात कुमार सिंह, प्रो अनुराग ओझा एवं प्रो बाला नायडू उपस्थित रहकर तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया गया।

वीडीए वीसी पुलकित गर्ग द्वारा अवगत कराया गया कि अस्सी नदी के जीर्णोद्धार एवं पुनः नदी के रूप में पुर्नस्थापन हेतु काम्प्रेहेंसिव प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने हेतु



जिलाधिकारी सतेन्द्र कुमार बैठक की अध्यक्षता करते हुए। वीडीए वीसी पुलकित गर्ग सहित अन्य रहे मौजूद

वाराणसी विकास प्राधिकरण एवं आईआईटी बीएचयू के मध्य एमओयू सम्पादित हुआ है, जिसके क्रम में आईआईटी, बी0एच0यू0 के विशेषज्ञ प्रोफेसरों के द्वारा काम्प्रेहेंसिव प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की जा रही है। आज बैठक में प्रो0 शिशिर गौड़ के द्वारा अस्सी नदी के पुर्नस्थापन एवं जीर्णोद्धार कार्य हेतु एक विस्तृत प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया तथा समग्र कार्य योजना (Comprehensive Action Plan) का प्रस्तुतीकरण आई0आई0टी0 (बी.एच.यू.) द्वारा जिलाधिकारी महोदय के समक्ष किया गया। प्रस्तुतीकरण में अस्सी नदी के लगभग 08 किलोमीटर लंबे स्ट्रेच एवं कैचमेंट एरिया में आने वाले 06 तालाब के सम्बन्ध में विस्तृत तकनीकी रिपोर्ट से अवगत कराया गया तथा यह भी अवगत कराया गया कि वर्तमान में उपलब्ध अस्सी नदी के प्रारम्भ होने से पूर्व से जनपद-प्रयागराज, भदोही एवं वाराणसी में लगभग 160 किलोमीटर की लम्बाई में पैलिखोचैनल उपलब्ध है। सिंचाई विभाग (बंधी प्रखंड) को आई0आई0टी0 (बी.एच.यू.) द्वारा प्रस्तुत कार्य योजना के आधार पर संशोधित डी.पी.आर. (Detailed Project Report) तैयार कराने के निर्देश दिए गए।अधिशासी अभियन्ता, जल निगम को निर्देशित किया गया कि अस्सी नदी के समीप एस0टी0पी0 से ट्रिटमेंट के उपरान्त निकलने वाले जल को अस्सी नदी में ले जाने के लिए क्या किया जा सकता है इसका परीक्षण कर अवगत कराया जाय। अपर नगर आयुक्त, नगर निगम को निर्देशित किया गया कि अस्सी नदी के कैचमेंट क्षेत्र में अभियान चलाकर सफाई एवं कूड़ा उठाने की कार्यवाही पूर्ण करायी जाय।

एसडीएम सदर को निर्देशित किया गया कि राजस्व अभिलेखों में अस्सी नदी के सम्बन्ध में इंट्री आदि की जाँच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाय। राजस्व विभाग समेकित रूप से इसका परीक्षण कर प्राथमिकता पर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।बैठक में डॉ गुडाकेश शर्मा अपर सचिव वीडीए, सुभाष सिंह, अपर नगर आयुक्त, अमित ओमार एस0डी0एम0 सदर उपस्थित रहे। साथ ही अनूप सिंह, अधिशासी अभियन्ता जलकल विभाग, कमल सिंह अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम, प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड, व से सी0पी0 वर्मा महेन्द्र कुमार, अधिशासी अभियन्ता, बंधी प्रखण्ड, वाराणसी, तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी बैठक में सम्मिलित हुए।